कोड - 009

अर्धवार्षिक परीक्षा 2017-18

कक्षा- ग्यारहवीं | विषय - राजनीति विज्ञान

समय - 3.00 घंटे | पूर्णांक - 100

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य ।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के दो खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 2 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 10 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 5 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 6 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

(1) "राजनीति विज्ञान का आरंभ और अंत राज्य के साथ होता है" यह कथन है।

(अ) गैटिल का (ब) गार्नर का

(स) लीकॉक (द) सीले का

(2) छत्तीसगढ एक राज्य नहीं है, क्योंकि इसकी ------- नहीं है ।

(अ) जनसंख्या (ब) भूमि

(स) सरकार (द) सम्प्रभुता

(3) लोकहित आधारित राज्य को कहा जाता है ।

(अ) साम्यवादी राज्य (ब) लोक कल्याणकारी राज्य

(स) पूंजीवादी राज्य (द) प्रजातांत्रिक राज्य

(4) कानून शब्द बना है ।

(अ) लैग से (ब) लैस से

(स) लीगज से (द) लैरस से

(5) भारतीय संविधान के निर्माण में समय लगा ।

(अ) 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन (ब) 3 वर्ष 11 माह और 18 दिन

(स) 4 वर्ष 11 माह और 18 दिन (द) 5 वर्ष 11 माह और 18 दिन

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

(1) विदेशी को --------- का अधिकार प्राप्त नहीं होता ।

(2) छत्तीसगढ से राज्य सभा हेतु --------- सदस्य भेजे जाते हैं ।

(3) नगर निगम के प्रमुख को --------- कहते हैं ।

(4) स्थानीय स्वशासन से केन्द्र व राज्य सरकार के कार्यभार में --------- हो जाती है ।

PTO

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

(5) दलीय प्रणाली के --------- प्रकार है ।

प्रश्न 2. "राजनीति विज्ञान" एक कला है, लिखिये ।

प्रश्न 3. "संघात्मक शासन" में शक्तियों का विभाजन किया जाता है । स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 4. "भारत एक धर्म निरपेक्ष राज्य है ।" इस कथन का क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 5. धार्मिक अधिकार का आशय स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 6. भारतीय शासन व्यवस्था के (सरकार के) कौन-कौन से अंग है ? लिखिए ।

प्रश्न 7. स्थानीय स्वशासन का क्या अर्थ है?

प्रश्न 8. राजनीतिक दल की उपयुक्त परिभाषा लिखिये ।

प्रश्न 9. 'छाया मंत्री मंडल' किसे कहते हैं ?

प्रश्न 10. "संसदीय शासन में विधायिका एवं कार्यपालिका में घनिष्ठ संबंध होता है ।" समझाइये।

प्रश्न 11. विधि के समक्ष समानता को स्पष्ट कीजिये । http://www.cgboardonline.com

प्रश्न 12. आदर्श नागरिकता के मार्ग में आने वाली तीन बाधाओं का वर्णन कीजिए ।

प्रश्न 13. राज्यपाल के कार्यपालिका संबंधी तीन कार्योंऐ को स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 14. स्थानीय स्वशासन की तीन विशेषताएं लिखिये ।

प्रश्न 15. मिली-जुली सरकार से क्या समझते हैं ?

प्रश्न 16. राजनीति विज्ञान व राजनीति में कोई चार अंतर लिखिये ।

अथवा

"राजनीति विज्ञान, विज्ञान नहीं है" पक्ष में तर्क दीजिए । (कोई चार)

प्रश्न 17. एकात्मक सरकार के कोई चार गुणों को स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 18. भारतीय संविधान के किन्हीं चार स्त्रोतों को लिखिये ।

अथवा

भारतीय संविधान के किन्हीं चार विशेषताओं को लिखिये ।

प्रश्न 19. मौलिक अधिकारों की प्रमुख विशेषताएं व लक्षण कौन-कौन सी है ?

अथवा

मौलिक अधिकारों की रक्षा हेतु संविधान में क्या व्यवस्था है ?

प्रश्न 20. लोकसभा अध्यक्ष की कार्यों एवं शक्तियों को लिखिये ।

अथवा

विधानसभा अध्यक्ष की कार्यों एवं शक्तियों को लिखिये ।

प्रश्न 21. जनमत निर्माण के चार साधनों को लिखिये ।

अथवा

स्वस्थ जनमत की बाधा को दूर करने हेतु सुझाव बताइये ।

प्रश्न 22. अच्छे कानून की पांच विशेषताओं (लक्षण) को लिखिये ।

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

अथवा

हमें कानून का पालन क्यों करना चाहिए ? कोई पांच कारण लिखिये ।

प्रश्न 23. भारतीय नागरिकता प्राप्ति के उपाय लिखिये ।

अथवा

नागरिकता समाप्ति (लोप) की कौन-कौन सी स्थितियां हैं ? किन्हीं पांच का संक्षिप्त वर्णन कीजिए ।

प्रश्न 24. प्रधानमंत्री के कार्यो एवं शक्तियां को लिखिये ।

अथवा

राष्ट्रपति के कार्यपालिका संबंधी कार्य एवं शक्तियां लिखिए ।

प्रश्न 25. स्थानीय स्वशासन का महत्व या आवश्यकता का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए ।

अथवा

जनपद पंचायत के कार्यो का वर्णन कीजिये ? कोई पांच

प्रश्न 26. राज्य के अनिवार्य कार्यो का वर्णन कीजिए ।

अथवा

लोक कल्याणकारी राज्य की विशेषताएं एवं लक्षण लिखिए ।

प्रश्न 27. भारतीय राजनीति दल प्रणाली की छः विशेषताओं एवं लक्षण लिखिये ।

अथवा

बहुदलीय प्रणाली के गुण एवं दोषों की विवेचना कीजिये ।

---00--

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से